PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Thu, 01 Jun 2017, Page 6
Width: 16.00 cms, Height: 21.34 cms, a4, Ref: 45.2017-06-01.57

स. अरब में प्रताड़ित सुखवंत देश पहुंची

लुधियाना-जालंधर, सुनीलराय कामरेड : रो-रोकर अपनी आप बीती 'बेबसी की दास्तां' सुनाने वाली सुखवंत कौर उस वक्त को याद करना भी नही चाहती, किंतु मीडिया से पूछने मात्र से फफक-फफक कर रो पड़ती है।

सुखवंत कौर हाल ही में साउदी अरब की असलियत सामने आने पर एजेंटों को जहां दगाबाज कहती है वही भारतीयों को उधर का रूख ना करने की बिनमांगे सलाह भी रोते हुए देती है। केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को अपनी जिंदगी के लिए फरिश्ते के खिताब से सुशोभित करती दुआएं देती है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी सुषमा स्वराज का धन्यवाद किया है। जालंधर में सुखवंत कौर ने कहा कि अब वह कभी भी विदेश जाने के बारे में सोचेगी नहीं। वह अपनी आपबीती बताते हुए काफी भावुक हो रही थी। यह भी पता चला है कि वेतन के नाम पर उसे वहां से एक रूपया भी नसीब नहीं हुआ जबकि 100 दिन से ज्यादा उसने साउदी अरब में बिताए है। अपनी आपबीती के संबंध पर उसने बताया कि 3 महिला और एक विदेशी महिला भी थी जबकि एक यंग लेडी उसकी जमकर धुनाई करती थी। उसने यह भी कहा कि ट्रैवल एजेंट ने 22 हजार रूपए प्रतिमाह किसी कंपनी में लगवाकर मेहनताना देने की बात की थी। करीब 5 महीने पहले विदेश भेजने वाले तथाकथित एजेंटों के माध्यम से साउदी अरब में बिक चुकी और विदेशी सरजमी पर प्रताड़ना का शिकार हुई पंजाबी महिला आज अपने गांव नूरमहल पहुंच गई। उल्लेखनीय है कि जिला जालंधर के गांव अजतानी की रहने वाली सुखवंत कौर पत्नी कुलवंत सिंह को एजेंटो ने साढ़े तीन लाख रूपए में साउदी अरब में रहने वाले शेखों के हाथों बेच दिया था। जालंधर में मीडिया से मुखातिब होते हुए सुखवंत कौर ने कहा कि उसे काम के लिए बंधक बनाकर रखा गया था और उससे 16 घंटों बाद कमरे से निकाला जाता था जबकि मेहनताना मांगने पर उससे मारपिटाई की जाती थी। उसे बीफ खाने को मजबूर किया जाता था। इंकार करने पर खूब पिटाई होती थी और एक दिन उसको इतना ज्यादा पीटा गया जिससे वह ज्यादा बीमार हो गई। उसे हेल शहर के अस्पताल में दाखिल करवाना पड़ा, जहां केरल की नर्स से मुलाकात हो गई, जिसने सुखवंत की मदद की। उधर सुखवंत कौर को दुबई भेजने वाली ऐजंट पूजा के खिलाफ एसएसपी देहात में लिखित शिकायत दर्ज करवा दी गई है और दिल्ली के एजेंट पर भी कार्यवाही होने जा रही है।

100 दिन की कड़ी मेहनत का एक पैसा भी ना मिला पंजाबी महिला को